# भारतीय राजव्यवस्था
# (Indian Polity)

## ❑ भारत का संवैधानिक विकास

☞ **रेग्युलेटिंग एक्ट**, 1773 के तहत **कलकत्ता** में सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किया गया था।

☞ **भारत सरकार अधिनियम, 1919** के द्वारा भारतीय विधानपालिका **प्रथम बार द्वि-सदनीय** बनाई गई।

☞ भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अंतर्गत केंद्र में '**द्वैध शासन**' स्थापित किया गया।

☞ भारत सरकार अधिनियम, 1935 के तहत '**अखिल भारतीय संघ**' की स्थापना के रूप में संघीय शासन की व्यवस्था प्रस्तुत की गई थी।

☞ सर्वप्रथम **क्रिप्स मिशन** (1942) द्वारा एक निर्वाचित संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान का निर्माण करने का प्रस्ताव किया गया था।

☞ कैबिनेट मिशन योजना, 1946 के अंतर्गत भारतीय संविधान सभा का गठन किया गया था।

☞ 9 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा की प्रथम बैठक की अध्यक्षता अस्थायी अध्यक्ष **डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा** ने की थी।

☞ 11 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा ने **डॉ. राजेंद्र प्रसाद** को '**संविधान निर्मात्री सभा**' के प्रथम स्थायी अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया।

☞ संविधान सभा में 13 दिसंबर, 1946 को 'उद्देश्य प्रस्ताव' पं. जवाहरलाल नेहरू के द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिसे संविधान सभा ने 22 जनवरी, 1947 को स्वीकार किया।

☞ भारतीय संविधान के निर्माण में संविधान सभा को **2 वर्ष, 11 माह एवं 18 दिन** का समय लगा था और इस दौरान **कुल 11** अधिवेशन हुए थे।

☞ **सरदार पटेल** संविधान सभा की प्रांतीय संविधान समिति के अध्यक्ष थे।

☞ 29 अगस्त, 1947 को संविधान सभा ने **प्रारूप समिति** की स्थापना की।

☞ **डॉ. बी. आर. अम्बेडकर** भारतीय संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे।

☞ भारतीय संविधान के निर्माण के समय **बेनेगल नरसिंह राव** (बी.एन. राव) को संविधानिक सलाहकार नियुक्त किया गया था।

☞ 22 जुलाई, 1947 को संविधान सभा ने अपने चौथे अधिवेशन में सर्वप्रथम भारत का राष्ट्रीय ध्वज स्वीकार किया।

☞ डॉ. राजेंद्र प्रसाद संविधान निर्मात्री परिषद की '**तदर्थ झंडा समिति**' के अध्यक्ष थे।

☞ **26 नवंबर, 1949** को भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया।

☞ **26 जनवरी, 1950** को भारतीय संविधान लागू हुआ था।

☞ संविधान सभा ने **24 जनवरी, 1950** को '**जन गण मन**' को राष्ट्रगान के रूप में अपनाया।

☞ राष्ट्रगान को गाने का समय लगभग **52 सेकंड** है।

☞ भारत शासन द्वारा **राजकीय चिह्न** (State Emblem) को 26 जनवरी, 1950 को अंगीकृत किया गया।

☞ भारत का राजकीय चिह्न सारनाथ (वाराणसी) स्थित अशोक के सिंह स्तम्भ की शीर्ष अनुकृति है।

## ❑ भारतीय संविधान सभा

☞ कैबिनेट मिशन मार्च, 1946 में भारत आया था।

☞ इस मिशन ने अपनी रिपोर्ट में संविधान सभा के गठन का एक सूत्र प्रस्तुत किया था, जिसके आधार पर संविधान सभा निर्वाचित होनी थी।

☞ इसमें प्रांतों का प्रतिनिधित्व जनसंख्या के आधार पर होना था।

☞ इसके तहत मोटे तौर पर प्रति दस लाख व्यक्तियों के ऊपर एक प्रतिनिधि के निर्वाचन की व्यवस्था प्रस्तावित थी।

☞ 9 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा की प्रथम बैठक के समय **सच्चिदानंद सिन्हा** को अस्थायी अध्यक्ष बनाया गया।

☞ 11 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा द्वारा **डॉ. राजेंद्र प्रसाद** को संविधान सभा का स्थायी अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

☞ **बी.एन.राव संवैधानिक सलाहकार** नियुक्त किए गए थे।

☞ प्रारूप समिति के अध्यक्ष **डॉ. भीम राव अंबेडकर** थे।

☞ संविधान सभा में 13 दिसंबर, 1946 को जवाहरलाल नेहरू द्वारा 'उद्देश्य प्रस्ताव' प्रस्तुत किया गया था।

☞ **26 नवंबर, 1949** को भारतीय संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था।

☞ **26 नवंबर, 1949** को ही नागरिकता, निर्वाचन और अंतरिम संसद से जुड़े उपबंध लागू किए गए थे।

☞ भारतीय संविधान **2 वर्ष, 11 माह, 18 दिन** में बनकर तैयार हुआ था।

☞ संविधान सभा द्वारा 24 जनवरी, 1950 को संविधान पर हस्ताक्षर किए गए थे।

☞ भारतीय संविधान **26 जनवरी, 1950** को पूर्णतः लागू हुआ।

☞ संविधान सभा की प्रांतीय संविधान समिति के अध्यक्ष सरदार बल्लभ भाई पटेल थे।

☞ संविधान सभा द्वारा स्थापित मौलिक अधिकारों और अल्पसंख्यकों हेतु सलाहकार समिति के अध्यक्ष सरदार बल्लभ भाई पटेल थे।

☞ संविधान निर्मात्री परिषद की तदर्थ 'झंडा समिति' के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे।

☞ भारतीय संविधान सभा में कुल 15 महिलाएं थीं।

☞ **डॉ. भीम राव अंबेडकर** को भारतीय संविधान का निर्माता कहा जाता है।

## भारतीय संविधान के विदेशी स्रोत

**संयुक्त राज्य अमेरिका:** मौलिक अधिकार, न्यायिक पुनरावलोकन, संविधान की सर्वोच्चता, न्यायपालिका की स्वतंत्रता, निर्वाचित राष्ट्रपति एवं उस पर महाभियोग, उपराष्ट्रपति, उच्चतम एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को हटाने की विधि एवं वित्तीय आपात।

**ब्रिटेन :** संसदात्मक शासन प्रणाली, एकल नागरिकता एवं विधि-निर्माण प्रक्रिया।

**आयरलैंड :** नीति निदेशक सिद्धान्त, राष्ट्रपति के निर्वाचक-मंडल की व्यवस्था, राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा में साहित्य, कला, विज्ञान तथा समाज सेवा इत्यादि के क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त व्यक्तियों का मनोनयन।

**ऑस्ट्रेलिया :** प्रस्तावना की भाषा, समवर्ती सूची का प्रावधान, केन्द्र एवं राज्य के बीच संबंध तथा शक्तियों का विभाजन, संसदीय विशेषाधिकार।

**जर्मनी :** आपातकाल के प्रवर्तन के दौरान राष्ट्रपति को मौलिक अधिकार संबंधी शक्तियां।

**कनाडा** : संघात्मक विशेषताएं, अवशिष्ट शक्तियां केन्द्र के पास, राज्यपाल की नियुक्ति विषयक प्रक्रिया, संघ एवं राज्य के बीच शक्ति विभाजन।

**दक्षिण अफ्रीका :** संविधान संशोधन की प्रक्रिया का प्रावधान।

**रूस :** मौलिक कर्तव्यों का प्रावधान।

**जापान :** विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया।

☞ वर्तमान में भारतीय संविधान के मूल पाठ में 22 भाग 395 अनुच्छेद और 12 अनुसूचियां हैं।

| संविधान के भाग | विषय |
|---|---|
| **भाग I** | संघ और उसका राज्य क्षेत्र |
| **भाग II** | नागरिकता |
| **भाग III** | मूलभूत अधिकार |
| **भाग IV** | राज्य के नीति निदेशक तत्व |
| **भाग IV (क)** | मूल कर्तव्य |
| **भाग V** | संघ |
| **भाग VII** | प्रथम अनुसूची के भाग-ख में राज्य (निरस्त) |
| **भाग VI** | राज्य |
| **भाग VIII** | संघ राज्य क्षेत्र |
| **भाग IX** | पंचायत |
| **भाग IX (क)** | नगर पालिकाएं |
| **भाग IX (ख)** | सहकारी समितियां |
| **भाग X** | अनुसूचित और जनजाति क्षेत्र |
| **भाग XI** | संघ और राज्यों के बीच संबंध |
| **भाग XII** | वित्त, सम्पत्ति, संविदा और वाद |
| **भाग XIII** | भारत के राज्य क्षेत्र के अंदर व्यापार, वाणिज्य और समागम |
| **भाग XIV** | संघ और राज्यों के अधीन सेवाएं |
| **XIV (क)** | अधिकरण |
| **XV** | निर्वाचन |
| **XVI** | कुछ वर्गों के संबंध में विशेष उपबंध |
| **XVII** | राजभाषा |
| **XVIII** | आपात उपबंध |
| **XIX** | प्रकीर्ण (विविध) |
| **XX** | संविधान के संशोधन |
| **XXI** | अस्थायी संक्रमणकालीन और विशेष उपबंध |
| **XXII** | संक्षिप्त नाम, प्रारंभ, हिन्दी में प्राधिकृत पाठ और निरसन |

☞ संविधान की उद्देशिका के अनुसार भारत राज्य, हर एक व्यक्ति के सम्मान की रक्षा करेगा। इस उद्देश्य की पूर्ति **प्रत्येक व्यक्ति के लिए उचित एवं मानवोचित कार्य-परिस्थिति उपलब्ध कराकर** की जाएगी।

☞ अब तक सिर्फ **एक बार** (1976 में 42वां संविधान संशोधन) भारतीय संविधान के प्रस्तावना में संशोधन किया गया है।

☞ प्रस्तावना के अनुसार, भारत की सही नामावली है- '**संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य**'।

☞ **42वें संविधान संशोधन** के द्वारा संविधान की उद्देशिका में समाजवाद, पंथनिरपेक्ष एवं अखंडता शब्द जोड़े गए।

☞ संसदीय प्रणाली में 'बाइकैमरल सदन' का मतलब है- जिसमें **दो सदन (निम्न सदन और उच्च सदन)** हों।

☞ सरकार के संसदीय रूप की सबसे अनिवार्य विशेषता **संसदीय प्रभुसत्ता** है।

☞ **भारतीय परिषद् अधिनियम, 1909** द्वारा भारतीयों को प्रथम बार विधि निर्माण में प्रतिनिधित्व दिया गया था।

☞ सरकार के संसदात्मक स्वरूप में राज्य की वास्तविक शक्तियां **प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद में सन्निहित होती** हैं।

☞ **संसदीय शासन प्रणाली** में, संसद (लोक सभा) द्वारा पारित अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से सरकार को अपदस्थ किया जा सकता है।

☞ संविधान का अनुच्छेद 1 भारत को **राज्यों का संघ** (Union of States) के रूप में वर्णित करता है।

☞ भारतीय संघ में नए राज्य की रचना **संसद** कर सकती है।

☞ **संसद** को किसी राज्य में से किसी क्षेत्र को अलग करके अथवा दो या अधिक राज्यों को मिला करके अथवा किसी क्षेत्र को किसी राज्य के भाग के साथ मिला करके एक नए राज्य का निर्माण करने की शक्ति प्राप्त है।

☞ वर्ष 1946 में जवाहरलाल नेहरू की अंतरिम सरकार में गृह मंत्री **सरदार वल्लभभाई पटेल** थे।

☞ **केशवानंद भारती** के वाद में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'संविधान के मूल लक्षणों का सिद्धांत' प्रतिपादित किया गया है।

☞ भारत के क्षेत्र में **राज्यों के क्षेत्र, संघीय क्षेत्र तथा अन्य क्षेत्र जो विधिक प्रक्रिया द्वारा अधिगृहीत हो सकते** हैं शामिल हैं।

☞ **जवाहरलाल नेहरू** संविधान सभा की संघ संविधान समिति के अध्यक्ष थे।

☞ संविधान सभा की संचालन समिति के अध्यक्ष **डॉ. राजेंद्र प्रसाद** थे। संविधान सभा की मौलिक अधिकारों की उप-समिति के अध्यक्ष **जे.बी. कृपलानी** थे।

☞ संविधान के अनुच्छेद 51(A) के अनुसार, **संविधान के प्रति प्रतिबद्धता तथा राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का सम्मान करना, भारत की संप्रभुता, एकता तथा अखंडता की रक्षा करना तथा देश की मिली-जुली संस्कृति की धनी विरासत का परिरक्षण करना** आदि नागरिकों के कर्तव्य हैं।

☞ विधायी विषयों को संविधान की **सातवीं अनुसूची** में रखा गया है।

☞ भारत के संविधान के अंतर्गत, पुलिस, लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता, प्रति व्यक्ति कर, निखात निधि, गैस, कृषि, रेलवे पुलिस, कारागार, पंचायती राज एवं भूमि सुधार राज्य सूची के विषय हैं।

☞ रेडियो और टेलीविजन, शेयर बाजार, डाकघर बचत बैंक, जनगणना, बैंकिंग, बीमा, रक्षा, रेलवे एवं निगम कर संघ सूची के विषय हैं।

| अनुसूची | संबंधित विषय |
|---|---|
| 1.पहली अनुसूची | राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र का वर्णन। |
| 2.दूसरी अनुसूची | मुख्य पदाधिकारियों के वेतन-भत्ते **भाग-क-** राष्ट्रपति और राज्यों के राज्यपालों के वेतन-भत्ते, **भाग-ख**-निरसित, **भाग-ग**-लोक सभा तथा विधान सभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, राज्य सभा तथा विधान परिषद के सभापति तथा उपसभापति के वेतन-भत्ते, **भाग-घ-** उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के वेतन-भत्ते, **भाग-ङ**-भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक के वेतन-भत्ते। |
| 3.तीसरी अनुसूची | व्यवस्थापिका के सदस्य, मंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति न्यायाधीशों आदि के लिए शपथ लिए जाने वाले प्रतिज्ञान के प्रारूप दिए गए हैं। |
| 4.चौथी अनुसूची | राज्य सभा में स्थानों का आवंटन राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों से। |
| 5.पांचवीं अनुसूची | अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जन-जातियों के प्रशासन और नियंत्रण से संबंधित उपबंध। |
| 6.छठी अनुसूची | असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम राज्यों के जनजाति क्षेत्रों के प्रशासन के विषय में उपबंध। |
| 7.सातवीं अनुसूची | विषयों के वितरण से संबंधित **सूची-1** संघ सूची **सूची 2**-राज्य सूची **सूची 3**-समवर्ती सूची। |
| 8.आठवीं अनुसूची | भाषाएं-22 भाषाओं का उल्लेख। |
| 9.नवीं अनुसूची | कुछ अधिनियमों और विनियमों का विधिमान्यीकरण। |
| 10.दसवीं अनुसूची | दल परिवर्तन संबंधी उपबंध। |
| 11.ग्यारहवीं अनुसूची | पंचायती राज से संबंधित। |
| 12.बारहवीं अनुसूची | शहरों में स्थानीय स्वशासन। |

☞ आर्थिक योजना, आपराधिक मामले, जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन, शिक्षा, वन, दंड प्रक्रिया, विवाह, विवाह विच्छेद एवं गोद लेना समवर्ती सूची के विषय हैं।

☞ भारत का संविधान अवशिष्ट शक्तियां **संघीय सरकार** को प्रदान करता है।

☞ अनुच्छेद **343** हिंदी को भारत की राजभाषा घोषित करता है।

☞ ब्रिटिश सरकार द्वारा (लॉर्ड इर्विन ने) **वर्ष 1929** में डोमिनियन स्टेटस (प्रमुख दर्जा) की पहली बार भारतीय राजनैतिक विकास के लिए लक्ष्य के रूप में घोषणा की गई।

☞ 2 सितंबर, 1946 को अंतरिम मंत्रिमंडल ने शपथ लिया था।

| अंतरिम मंत्रिमंडल (1946) | |
|---|---|
| जवाहरलाल नेहरू | कार्यकारी परिषद के उपाध्यक्ष, विदेशी मामले तथा राष्ट्रमण्डल |
| वल्लभभाई पटेल | गृह, सूचना तथा प्रसारण |
| बलदेव सिंह | रक्षा |
| जॉन मथाई | उद्योग तथा आपूर्ति |
| आसफ अली | रेलवे |
| जगजीवन राम | श्रम |
| लियाकत अली खां | वित्त |
| जोगेन्द्र नाथमण्डल | विधि |
| सी. राजगोपालाचारी | शिक्षा |
| राजेन्द्र प्रसाद | कृषि एवं खाद्य |

☞ **अबुल कलाम आजाद** भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे।

☞ **संप्रभुता संपन्न, लोकतांत्रिक और पंथनिरपेक्ष गणराज्य, संसदीय स्वरूप की सरकार, संघात्मक स्वरूप लेकिन प्रकृति में एकात्मकता** आदि भारतीय संविधान की विशेषताएं हैं।

☞ **इंग्लैंड** का संविधान अलिखित संविधान है।

☞ वर्ष 1956 में देश के विभिन्न राज्यों में पुनर्गठन का आधार **क्षेत्र की अधिकांश जनसंख्या द्वारा बोली जाने वाली भाषा** थी।

☞ भाषायी आधार पर सर्वप्रथम अंध्र प्रदेश राज्य का गठन हुआ था।

☞ **जम्मू और कश्मीर** राज्य का अपना अलग संविधान है।

☞ **सरकार का गणतंत्रीय तथा लोकतंत्रीय स्वरूप, मौलिक अधिकारों तथा राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के मध्य विभाजन तथा संविधान का संघीय चरित्र** भारतीय संविधान का बुनियादी ढांचा माना जाता है।

☞ ''**राज्य सरकारें केंद्र सरकार की एजेंट्स हैं**।'' यह लक्षण संघीय सरकार के अनुरूप नहीं है।

☞ संघीय सरकार, संसदीय सरकार और न्यायपालिका की स्वतंत्रता भारतीय संविधान की विशेषताएं हैं, जबकि भारतीय संविधान में **अध्यक्षात्मक सरकार की** प्रणाली नहीं अपनाई गई है।

☞ भारत एक संघ राज्य है, क्योंकि उसका संविधान **राज्य और केंद्र के (मध्य) बीच सत्ता की साझेदारी की** सुविधा देता है।

☞ **न्यायिक पुनर्वीक्षा, मूलभूत अधिकार तथा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की बर्खास्तगी** आदि विशिष्टता संविधान निर्माताओं के द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान से ली गई है।

☞ सार्वजनिक हित याचिका की संकल्पना की शुरुआत **यू.एस.ए.** में हुई थी।

☞ भारतीय राजशासन में **संविधान** (विकल्प में 'संविधान' एवं 'जनता' दोनों की मौजूदगी पर उचित विकल्प 'जनता' होगा) सर्वोच्च है।

☞ भारत को बेहतर ढंग से **संघीय राज्य (Union of States)** वर्णित किया जा सकता है।

☞ छत्तीसगढ़ राज्य **1 नवंबर 2000 को,** उत्तराखण्ड **9** नवंबर, **2000** को तथा झारखंड **15** नवंबर, **2000** को अस्तित्व में आया।

☞ नवगठित राज्य 'तेलंगाना' का अस्तित्व **आंध्र प्रदेश** राज्य के विभाजन से हुआ।

☞ भारत का **29वां** राज्य तेलंगाना है।

☞ तेलंगाना बनने के बाद भारत में **29 राज्य और 7 संघ क्षेत्र** हैं।

| नए राज्यों का गठन वर्ष | |
|---|---|
| **राज्य** | **गठन वर्ष** |
| आंध्र प्रदेश | 1953 ई. |
| महाराष्ट्र | 1960 ई. |
| गुजरात | 1960 ई. |
| नगालैंड | 1963 ई. |
| हरियाणा | 1966 ई. |
| हिमाचल प्रदेश | 1971 ई. |
| मेघालय | 1972 ई. |
| मणिपुर, त्रिपुरा | 1972 ई. |
| सिक्किम | 1975 ई. |
| मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, गोवा | 1987 ई. |
| छत्तीसगढ़, उत्तराखंड एवं झारखंड | 2000 ई. |
| तेलंगाना | 2014 ई. |

☞ भारतीय संघ (Union) के राज्यों को **संसद के दोनों सदनों के साधारण बहुमत और संबंधित राज्यों की विधायिका की सहमति द्वारा** पुनः व्यवस्थित किया जा सकता है या उनकी सीमाओं को बदला जा सकता है।

☞ **कैबिनेट मिशन योजना** के तहत स्थापित संविधान सभा द्वारा भारत का संविधान अधिनियमित हुआ।

☞ अमेरिकी संविधान **संघीय संविधान** का एक उदाहरण है।

☞ धर्मनिरपेक्षता का आशय **धर्म से राज्य का पृथक्करण** है।

☞ केंद्रशासित प्रदेश, दादरा और नगर हवेली की राजधानी **सिलवासा** है।

☞ गुजरात राज्य का गठन **1 मई, 1960** को हुआ था।

☞ हिमाचल प्रदेश की राजधानी **शिमला** है।

☞ **चंडीगढ़ शहर** एक केंद्रशासित प्रदेश है।

☞ लोकतंत्र में सत्ता का संचालन **जनता के प्रतिनिधियों** द्वारा होता है।

☞ **मैसूर** प्रांत 15 अगस्त, 1947 को भारतीय संघ में शामिल हो गया।

## ❑ नागरिकता, मौलिक अधिकार, नीति निदेशक तत्व एवं पंचायती राज

☞ भारतीय संविधान के **भाग-2 में नागरिकता का उल्लेख** किया गया है।

☞ भारतीय नागरिक अधिनियम 1955 द्वारा भारतीय नागरिकता प्राप्त की जा सकती है- (1) जन्म द्वारा, (2) रक्त संबंध या वंश क्रम द्वारा, (3) रजिस्ट्रीकरण द्वारा, (4) देशीकरण द्वारा एवं (5) किसी भू-भाग के सम्मिलन द्वारा।

- ☞ किसी व्यक्ति को पंजीकरण द्वारा भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए कम-से-कम 5 वर्ष तक भारत में निवास करना होगा तथा देशीयकरण द्वारा नागरिकता प्राप्त करने के लिए 10 वर्ष तक निवास की अवधि मान्य है।
- ☞ नागरिकता के बारे में विधि बनाने की संपूर्ण शक्ति संसद में है।
- ☞ वर्तमान में मूल **अधिकारों की संख्या छः** है।
- ☞ **मूल भारतीय संविधान** में मौलिक अधिकारों की संख्या सात थी।
- ☞ 44वें संविधान संशोधन 1978 के द्वारा **अनु. 31 में उल्लिखित संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकार की सूची से हटा दिया** गया।
- ☞ संपत्ति के अधिकार को **अनु. 300(a) के अंतर्गत रखकर इसे कानूनी अधिकार बनाया गया** है।
- ☞ **अनुच्छेद 21(A)** में उल्लिखित है कि 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराने का कार्य राज्य, विधि द्वारा अवधारित करे।
- ☞ संविधान के **अनुच्छेद 16** में सार्वजनिक रोजगार से संबंधित मामलों में भारत के सभी नागरिकों के लिए अवसर की समानता की गारंटी दी गई है।
- ☞ 'कानून का नियम' का अर्थ है- **कानून की दृष्टि में सभी व्यक्ति समान** हैं।
- ☞ भारतीय संविधान के **भाग-1 में संघ और उसका राज्य क्षेत्र, भाग-3 में मूल अधिकार, भाग-4 में राज्य के नीति निर्देशक** तत्व तथा **भाग 4(क) में मूल कर्तव्य** का उल्लेख किया गया है।
- ☞ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12-35 तक मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है।
- ☞ अनुच्छेद 14 से अनुच्छेद 18 तक के अधिकार समानता के अधिकार में शामिल हैं।
- ☞ अनुच्छेद 19 से अनुच्छेद 22 तक चार अनुच्छेदों द्वारा स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है।
- ☞ अन्य मौलिक अधिकार हैं- शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24), धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28), संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30), संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32)।
- ☞ अनुच्छेद 22 में गिरफ्तारी और निरोध से संरक्षण के संबंध में उपबंध है।
- ☞ प्रत्यक्ष बंदीकरण अधिनियम के अंतर्गत एक व्यक्ति को बिना मुकदमा चलाए 3 माह के लिए बंदी बनाया जा सकता है।
- ☞ हमारे संविधान के अनुच्छेद **19(1)(a)** में प्रेस की स्वतंत्रता वर्णित है।
- ☞ वैज्ञानिक सोच और सुधार की भावना का विकास करना भारतीय संविधान के भाग-4 (क) **मौलिक कर्तव्य** में शामिल है।
- ☞ हमारे संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 में **धर्म की स्वतंत्रता** का उल्लेख है।
- ☞ भारतीय संविधान में अनुच्छेद 36 से 51 तक में **राज्य नीति-निदेशक तत्व** की व्यवस्था है।
- ☞ भारतीय संविधान में मौलिक दायित्व (कर्तव्यों) की संख्या **ग्यारह** है।
- ☞ **मंत्रिमंडल की सलाह पर राष्ट्रपति** आपातकाल के दौरान भारत के नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर उपयुक्त प्रतिबंध लगा सकता है।
- ☞ यदि किसी भारतीय नागरिक को धर्म के आधार पर शासकीय पद से वंचित किया जाता है, तो यह उसके **समानता के मौलिक अधिकार** का हनन है।
- ☞ मौलिक अधिकार न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय हैं, जबकि नीति-निदेशक सिद्धांत न्यायालय द्वारा **प्रवर्तनीय** नहीं हैं।
- ☞ भारतीय भूमि पर **धर्म, वर्ण, जाति अथवा लिंग के आधार पर भेदभाव से प्रतिरक्षा** का मौलिक अधिकार, एक विदेशी नागरिक को भी प्राप्त है।
- ☞ भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का स्रोत 'विधि के समक्ष समानता' **ब्रिटिश संविधान** तथा 'विधियों का समान संरक्षण' **अमेरिकी संविधान** से प्राप्त होता है।
- ☞ हमारे संविधान का **अनुच्छेद 23** मनुष्यों के अवैध व्यापार एवं बलात श्रम (Trafficking in human beings and forced labour) का निषेध करता है।
- ☞ नागरिकता अधिनियम, 1955 द्वारा प्रदत्त शक्ति के अधीन, **केंद्रीय सरकार** को इस प्रश्न का निर्धारण करने का एकमात्र निर्णयाधिकार है कि एक व्यक्ति, जो भारत का नागरिक था, विदेशी राज्य की नागरिकता अर्जित करने के बाद भारतीय नागरिकता खो देता है।
- ☞ **परमादेश (Mandamus)** याचिका (Writ) का शाब्दिक अर्थ 'आदेश' (Command) है।
- ☞ निषेध का आदेश उच्चतम न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय द्वारा **न्यायिक या अर्ध-न्यायिक अधिकारियों के विरुद्ध** जारी होता है।
- ☞ मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधिकारिता को प्रचालित करने की गारंटी संविधान के **अनुच्छेद 32** में है।
- ☞ **नीति निदेशक सिद्धांतों** में पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था की गई है। [अनु. 39 (घ)]
- ☞ भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 16(2)** में वर्णित है कि धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, उद्भव, जन्म-स्थान, निवास या इनमें से किसी के आधार पर सार्वजनिक नियुक्ति के विषय में किसी व्यक्ति के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा।
- ☞ समानता का अधिकार **राज्य की महिलाओं, बच्चों और पिछड़े वर्गों के लिए विशेष प्रावधान बनाने की अनुमति देता है।**
- ☞ हमारे संविधान में **काम का अधिकार** को मूलभूत अधिकार के रूप में समावेश नहीं किया गया है।
- ☞ **शोषण करने की स्वतंत्रता** मौलिक अधिकार नहीं है।
- ☞ संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों में **संसद** संशोधन कर सकती है।
- ☞ पंचायती राज व्यवस्था में, पंचायत के सदस्य **ग्राम सभा की जनता द्वारा निर्वाचित** होते हैं।
- ☞ **किसी गिरफ्तार व्यक्ति की स्वतंत्रता या जीने के अधिकार** का उल्लंघन माना जाएगा यदि उसे अपने वकील से विचार-विमर्श करने का मौका नहीं दिया जाता है।

☞ **केवल कुछ लोगों के** पास ही मत देने का अधिकार होना चुनाव की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया का समर्थन नहीं करता है।

☞ भारत में राज्य की नीति के निदेशक तत्व में **सड़क और रेलवे का निर्माण** निदेशात्मक सिद्धांत नहीं है।

☞ **86वें** संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2002 के माध्यम से शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया गया।

☞ भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 14** के अनुसार भारतीय भू-भाग में किसी भी व्यक्ति को, कानून की नजर में समान होने या कानून द्वारा समान सुरक्षा पाने के अधिकार की अनदेखी राज्य सरकारों द्वारा नहीं की जा सकती है।

☞ हमारे संविधान का अनुच्छेद 14 **कानून के समक्ष समानता** से संबंधित है।

☞ धर्म, नस्ल, जाति, लिंग अथवा जन्म-स्थान के आधार पर भेद-भाव को **अनुच्छेद 15** में निषेध किया गया है।

☞ हमारे संविधान में **सामाजिक समानता** की स्वीकृति है।

☞ भारत में पंचायती राज प्रणाली **राज्य नीति के निदेशक सिद्धांतों** के अधीन निर्धारित है।

☞ **फटकार (Reprimand)** एक याचिका (Writ) नहीं है।

☞ किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का जब उल्लंघन होता है, तो वह **सर्वोच्च न्यायालय** एवं **उच्च न्यायालय** के पास जा सकता है।

☞ 'मान हनन' शब्दावली सामान्यतः **'अपनी जाति के बाहर विवाह करने के लिए युगल को दंडित करना तथा उनको मृत्यदंड देना'** से संबंधित है।

☞ भारतीय संविधान के 73वें संविधान संशोधन द्वारा पंचायती राजव्यवस्था की स्थापना की गई।

☞ पंचायती राजव्यवस्था को भारतीय संविधान के **भाग IX** में रखा गया है।

☞ पंचायती राजव्यवस्था **त्रिस्तरीय** (ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत) है।

☞ भारतीय संविधान के 74वें संविधान संशोधन (1993) के द्वारा भाग IX में IX (A) जोड़कर **नगरीय स्थानीय प्रशासन** को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।

☞ **मेयर** नगर निगम के प्रधान होते हैं।

☞ 2 अक्टूबर, 1959 को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने **राजस्थान के नागौर** में प्रथम त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का उद्घाटन किया।

☞ यदि पंचायत का विघटन होना है, तो **छः माह** के भीतर चुनाव कराए जाते हैं।

☞ पंचायत स्तर पर राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व **ग्राम सेवक** करता है।

☞ **नगालैंड** राज्य में पंचायती राज व्यवस्था अस्तित्व में नहीं है।

☞ त्रिस्तरीय पंचायती राजव्यवस्था में सर्वोच्च स्थान पर **जिला परिषद्** होता है।

☞ ग्राम पंचायत की आय का स्रोत **सम्पत्ति कर** नहीं है।

☞ पंचायती राज व्यवस्था **गांव, क्षेत्र एवं जिला** स्तर पर होता है।

☞ पंचायती राज का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर **'विकास से जुड़े प्रशासन कार्य में लोगों को सम्मिलित करना'** है।

☞ **'उगाही-कर'** ग्राम पंचायतों की आय का एक साधन है।

☞ पंचायती राज **स्वशासन की एक योजना** है।

☞ **न्यायपालिका** मौलिक अधिकारों की रक्षक होती है।

☞ भारत के संविधान में मौलिक कर्तव्यों को वर्ष **1976 में** सम्मिलित किया गया।

☞ पंचायती राज का उद्देश्य **प्रजातंत्र का विकेंद्रीकरण** है।

## ❑ राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति

☞ संघीय कार्यपालिका की शक्तियां **राष्ट्रपति** में निहित हैं।

☞ राष्ट्रपति **तीनों सेनाओं का प्रमुख** होता है।

☞ राष्ट्रपति **भारत का प्रथम नागरिक** होता है।

☞ **डॉ. राजेंद्र प्रसाद** भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे।

☞ भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति **प्रतिभा पाटिल** थीं।

☞ वर्तमान में भारत के **राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद** हैं।

☞ राष्ट्रपति का कार्यकाल **पांच वर्ष** होता है।

☞ राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होने के लिए **35 वर्ष या उससे अधिक की आयु** का होना आवश्यक है।

☞ राष्ट्रपति अपना त्याग-पत्र **उपराष्ट्रपति** को सौंपता है।

☞ राष्ट्रपति को **सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश** द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाती है।

☞ **संविधान के अतिक्रमण के आधार पर** ही राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाया जाता है।

☞ राष्ट्रपति का चुनाव **आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के एकल संक्रमणीय मत पद्धति** द्वारा किया जाता है।

☞ **राष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों** (राज्य सभा और लोक सभा) तथा राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों के द्वारा किया जाता है।

☞ राष्ट्रपति के निर्वाचन से संबंधित विवादों का निपटारा **उच्चतम न्यायालय** द्वारा किया जाता है।

☞ भारत में वर्ष **1962 में** पहली बार राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया गया था।

☞ राष्ट्रीय आपातकाल संसद की स्वीकृति मिलने के उपरांत **छः माह** तक प्रवर्तन में रह सकता है तथा छः माह के लिए संसद पुनः एक बार आपात को बढ़ा सकती है।

☞ **भारत का राष्ट्रपति** राष्ट्रीय विकास परिषद का सदस्य नहीं होता है।

☞ भारत के तीनों सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति होता है।

☞ वर्ष 1976 में जब आपातकाल की घोषणा की गई तब भारत के राष्ट्रपति **फखरुद्दीन अली अहमद** थे।

☞ वर्ष 1969 में कुछ सप्ताहों (20 जुलाई से 24 अगस्त, 1969 तक) के लिए भारत के राष्ट्रपति के रूप में पूर्व मुख्य न्यायाधीश **मोहम्मद हिदायतुल्ला** ने पदभार ग्रहण किया था।

☞ 'राष्ट्रपति निलयम' (राष्ट्रपति स्थल) **हैदराबाद, तेलंगाना** में स्थित है।

☞ **राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद को पुनर्विचारण हेतु किसी प्रस्ताव को वापस करने** में अपने स्व-विवेकाधिकार से आचरण करते हैं।

☞ संविधान के अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा किए जाने के अवसर पर भारत का राष्ट्रपति **राज्य सभा तथा लोक सभा को भंग करने में सक्षम** नहीं होता है।

☞ राष्ट्रपति द्वारा आपात स्थिति की घोषणा के लिए **संघीय मंत्रिमंडल का लिखित परामर्श** आवश्यक होगा।

☞ भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में **विधान परिषद्** भाग नहीं लेती।

☞ **राज्य सभा** का सभापति उस सदन का सदस्य नहीं होता।

☞ भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति **डॉ. एस. राधाकृष्णन** थे।

☞ **राष्ट्रपति** कानून से जुड़े किसी मामले पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय से सलाह मांग सकता है।

☞ **अनुच्छेद 143** के अनुसार विधि या तथ्य के विषय पर, उच्चतम न्यायालय भारत के राष्ट्रपति को तब सलाह देता है, जब विषय का संबंध मौलिक विषयों (सार्वजनिक महत्व) से हो।

☞ राज्य सभा के सदस्य **राज्य की विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा** निर्वाचित किए जाते हैं।

☞ युद्ध घोषित करने हेतु **राष्ट्रपति** विधितः सक्षम है।

☞ भारत के तीसरे (व्यक्ति के रूप में) राष्ट्रपति **जाकिर हुसैन** तथा कार्यकाल की दृष्टि से भारत के तीसरे राष्ट्रपति **डॉ.एस. राधाकृष्णन** थे।

☞ भारत रत्न उपाधि प्राप्त करने वाले भारत के अंतिम राष्ट्रपति **डा. प्रणब मुखर्जी** हैं।

☞ राज्य सभा के सभापति का कार्य दो बार के लिए **डॉ.एस.राधाकृष्णन** तथा मोहम्मद हामिद अंसारी ने संभाला।

☞ भारत के राष्ट्रपतियों का कार्यकाल के अनुसार सही क्रम इस प्रकार है– **डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ.एस. राधाकृष्णन, डॉ. जाकिर हुसैन, वी.वी. गिरि और फखरुद्दीन अली अहमद।**

☞ प्रथम महिला उम्मीदवार, जिसने भारत में राष्ट्रपति के चुनाव में हिस्सा लिया था, **लक्ष्मी सहगल** थीं।

☞ **कानून व्यवस्था भंग होने की** स्थिति में भारत में आपातकाल नहीं लगाया जा सकता है।

☞ भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव **लोक सभा तथा राज्य सभा के सदस्यगण** करते हैं।

☞ संसद के अधिवेशन को समाप्त करने से संबंधित राष्ट्रपति का अधिकार **सत्र भंग करने का अधिकार** कहलाता है।

☞ आपातकाल की घोषणा के समय भारत की प्रधानमंत्री **इंदिरा गांधी** थीं।

☞ भारत के प्रधानमंत्री, अटॉर्नी जनरल, राज्यों के राज्यपाल तथा राज्यों के मुख्यमंत्री में से भारत के राष्ट्रपति द्वारा **राज्यों के मुख्यमंत्री** की नियुक्ति नहीं की जाती है।

☞ किसी राज्य में आपातकाल घोषित करने का अधिकार **राष्ट्रपति** को है।

☞ भारत के राष्ट्रपति के महाभियोग प्रस्ताव पर पहल करने का अधिकार **संसद के दोनों सदनों** को है।

☞ **भारत के अटॉर्नी जनरल** को संसद के गैर-सदस्य के रूप में संबोधन का अधिकार है।

☞ **डॉ. एस.राधाकृष्णन** भारत के उपराष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति भी थे।

☞ भारत के राष्ट्रपति **जितनी बार** चाहे अपने पद के लिए पुनः चुनाव लड़ सकते हैं।

☞ डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डा. जाकिर हुसैन, फखरुद्दीन अली अहमद तथा मौलाना आजाद में से **मौलाना आजाद** भारत के राष्ट्रपति नहीं थे।

☞ उपराष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित विवाद का निर्णय **उच्चतम न्यायालय** करता है।

☞ भारत के दार्शनिक राष्ट्रपति **डॉ. एस. राधाकृष्णन** थे।

☞ राष्ट्रपति को **अनुच्छेद 61** में उपबंधित (अनुच्छेद 61- राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने की प्रक्रिया) रीति से संसद द्वारा चलाए गए महाभियोग के माध्यम से पद से हटाया जा सकता है।

☞ राष्ट्रपति का रिक्त स्थान **छः माह में** भर लिया जाना चाहिए।

☞ भारतीय गणतंत्र का **प्रमुख** भारत का राष्ट्रपति है।

☞ लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक **राष्ट्रपति द्वारा** आहूत की जाती है।

☞ **अनुच्छेद 123** में राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने संबंधी शक्तियों का वर्णन है।

☞ वेंकैया नायडू वर्तमान में भारत के **उपराष्ट्रपति** हैं।

☞ उपराष्ट्रपति अपना त्याग-पत्र **राष्ट्रपति** को सौंपता है।

☞ उपराष्ट्रपति का कार्यकाल **पांच वर्ष** होता है।

☞ उपराष्ट्रपति राज्य सभा का **पदेन सभापति** होता है।

☞ डॉ. नीलम संजीव रेड्डी भारत के **निर्विरोध** चुने जाने वाले राष्ट्रपति थे।

☞ वी.वी. गिरि के निर्वाचन के समय **दोबारा मतगणना** की गई थी।

☞ डॉ. राधाकृष्णन लगातार **दो बार उपराष्ट्रपति** तथा एक बार राष्ट्रपति रहे।

☞ डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम **अराजनीतिज्ञ राष्ट्रपति** थे।

## ❑ भारतीय संसद

☞ भारतीय संसद के तीन अंग **राष्ट्रपति, राज्य सभा तथा लोक सभा** हैं।

☞ राज्य सभा को **उच्च सदन** कहा जाता है।

☞ लोक सभा को **निम्न सदन** कहा जाता है।

☞ राज्य सभा **एक स्थायी सदन** है, इसे भंग नहीं किया जा सकता है।

☞ राज्य सभा के **एक-तिहाई सदस्य** प्रत्येक दो वर्ष बाद अपना कार्यकाल पूरा करके सेवानिवृत्त हो जाते हैं।

☞ राज्य सभा के सदस्यों का **कार्यकाल छः वर्ष** होता है।

☞ राज्य सभा के सदस्य के लिए **न्यूनतम आयु 30 वर्ष** तथा लोक सभा के सदस्य के लिए **न्यूनतम आयु 25 वर्ष** होना आवश्यक है।

☞ लोक सभा के सदस्यों का कार्यकाल **5 वर्ष** होता है।

☞ राज्य सभा के सदस्यों का निर्वाचन **विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों** के द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के द्वारा किया जाता है।

☞ संसद में अल्प सूचना प्रश्न पूछा जा सकता है, बशर्ते उसकी सूचना ठीक **10 दिनों** से पहले दी गई हो।

☞ 16वीं लोक सभा के गठन के बाद भारत के गृह मंत्री के रूप में **राजनाथ सिंह** को नियुक्त किया गया।

☞ **पं. जवाहरलाल नेहरू**, इंदिरा गांधी, मनमोहन सिंह तथा गुलजारीलाल नंदा से अधिक अवधि तक भारत के प्रधानमंत्री रहे।

☞ भारतीय संसद द्वारा **भारत के राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सदनों को एक साथ संबोधन किए जाने के बाद** 'धन्यवाद प्रकट' किया जाता है।

☞ लोक सभा, 2014 के चुनाव में **भारतीय जनता पार्टी** ने सबसे अधिक संख्या में सीटें हासिल की थीं।

☞ लोक सभा में विरोधी दल के नेता को **केंद्रीय कैबिनेट मंत्री** का दर्जा प्राप्त होता है।

☞ लोक सभा एवं राज्य सभा की अधिकतम संख्या क्रमशः **552 और 250** निर्धारित है।

☞ **राजीव गांधी** लोक सभा में कभी भी विरोधी दल के नेता नहीं थे।

☞ एच.डी.देवगौड़ा के बाद **इंद्र कुमार गुजराल** भारत के प्रधानमंत्री बने।

☞ लोक सभा सीटों की सबसे अधिक संख्या **उत्तर प्रदेश** (80) में है।

☞ **उत्तर प्रदेश** राज्य का लोक सभा व राज्य सभा में सर्वाधिक प्रतिनिधित्व है।

☞ **महाराष्ट्र राज्य** को लोक सभा में दूसरे स्थान (48 सीटें) का प्रतिनिधित्व प्राप्त है।

☞ हरियाणा राज्य को लोक सभा में 10 सीटें प्राप्त हैं।

☞ **गणेश वासुदेव मावलंकर** स्वतंत्र भारत के प्रथम लोक सभा अध्यक्ष थे।

☞ **एम. अनंतशयनम आयंगर** दूसरे लोक सभा अध्यक्ष थे।

☞ वर्तमान में **सुमित्रा महाजन** लोक सभा अध्यक्ष हैं।

☞ **लोक सभा सदस्य** अपने में से किसी एक सदस्य को लोक सभा अध्यक्ष निर्वाचित करते हैं।

☞ लोक सभा की प्रथम महिला स्पीकर (अध्यक्ष) **मीरा कुमार** थीं।

☞ एक विधेयक जो केवल करों के आरोपण, निरसन, घटाव या विनियमन के प्रावधानों से संबंधित है, उसे **'धन विधेयक'** कहते हैं।

☞ जवाहरलाल नेहरू के बाद **लाल बहादुर शास्त्री** भारत के प्रधानमंत्री बने।

☞ **साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा के क्षेत्र में विशेष ज्ञान या व्यवहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्ति** को राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा के लिए मनोनीत किया जा सकता है।

☞ लोक सभा को भंग करने का अधिकार **राष्ट्रपति** को है।

☞ राज्य सभा के **उपसभापति** का निर्वाचन राज्य सभा के सदस्यों द्वारा किया जाता है।

☞ लोक लेखा समिति **(PAC)** का अध्यक्ष लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा मनोनीत किया जाता है।

☞ जातियों और जनजातियों को अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति करार देने का सांविधानिक अधिकार **संसद** को प्राप्त है।

☞ लोक सभा के लिए अ.जा. (एस.सी.) और अ.ज. जाति (एस.टी.) को **अरुणाचल प्रदेश**, **जम्मू व कश्मीर, मेघालय, नगालैंड, सिक्किम और गोवा** राज्य में आरक्षण प्राप्त नहीं है।

☞ संसद में आम बजट **वित्त मंत्री** द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

☞ संसद में **रेलवे बजट** 2016-17 तक प्रतिवर्ष प्रस्तुत किया जाता था, परंतु वर्ष 2017-18 से आम बजट तथा रेल बजट दोनों एक साथ प्रस्तुत किया जाने लगा।

☞ **राष्ट्रपति** भारत के प्रधानमंत्री को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाता है।

☞ क्षेत्रफल की दृष्टि से, भारत का सबसे बड़ा लोक सभा संसदीय क्षेत्र (Constituency) **लद्दाख (जम्मू और कश्मीर)** है।

☞ **DMRC** (Delhi Metro Rail Corporation Ltd.) रेलवे मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन नहीं आता है।

☞ भारतीय संघीय कार्यपालिका में **राष्ट्रपति एवं मंत्रिपरिषद** होती है।

☞ संविधान में संशोधन **संसद के किसी भी सदन में** शुरू किया जा सकता है।

☞ संविधान के अनुच्छेद 78 में **राष्ट्रपति को सरकार के निर्णयों व नीतियों से अवगत कराने के प्रधानमंत्री के कर्तव्यों से संबंधित** प्रावधानों का उल्लेख है।

☞ लोक सभा में विपक्ष के नेता को मान्यता **लोक सभा अध्यक्ष** प्रदान करता है।

☞ लोक सभा का कार्यकाल **एक बार में एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता** है।

☞ औषध निर्माण विभाग, **रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय** के अधीन है।

☞ संसद सदस्यों के निर्वाचन क्षेत्र में विकास योजना के लिए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के अंतर्गत प्रति वर्ष **5 करोड़** की राशि वितरित की जाती है।

☞ भारत के प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास **7, लोक कल्याण मार्ग, नई दिल्ली** है।

☞ लोक सभा के स्पीकर (अध्यक्ष) को लोक सभा **सदस्यों द्वारा बहुमत से पारित प्रस्ताव** द्वारा कार्यालय से हटाया जा सकता है।

☞ अमेरिका के 'सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' के समतुल्य भारत के **विदेश मंत्री** का पद है।

☞ **मनमोहन सिंह** कभी भी लोक सभा में विरोधी दल के नेता नहीं रहे हैं।

☞ **मध्य प्रदेश** राज्य के लिए लोक सभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए सबसे ज्यादा सीटें आरक्षित हैं।

☞ **पांचवीं लोक सभा** (1971-1977) ने पांच वर्षों से अधिक अवधि तक कार्य किया।

☞ संसद द्वारा व्हिसल ब्लोअर अधिनियम **बिना किसी डर के भ्रष्टाचार के बारे में बताने के लिए लोगों के सहयोग हेतु** पारित किया गया।

☞ संसदीय कार्यवाहियों की कार्रवाई या अभिलेखों के लिए शब्दों, अभिव्यक्तिकरण के वक्यांशों को वापस लिए जाने को **Expunction** कहा जाता है।

☞ लोक सभा की बैठक का अंत **सत्रावसान** से किया जाता है।

☞ **बजट अधिवेशन, शीतकालीन अधिवेशन** और **मानसून अधिवेशन** लोक सभा के सत्र होते हैं।

☞ **धन विधेयक** को केवल लोक सभा में पेश किया जा सकता है। धन विधेयक को **राज्य सभा** में नामंजूर होने के बावजूद लोक सभा पास कर सकती है। अगर धन विधेयक राज्य सभा से **14 दिन** के भीतर वापस नहीं भेजा जाता तब इसको दोनों सदनों में पास हुआ मान लिया जाता है। धन विधेयक के संदर्भ में **राष्ट्रपति** की पूर्वानुमति आवश्यक होती है।

☞ मंत्रिपरिषद के अंतर्गत **मंत्रिमंडल सदस्य (कैबिनेट मंत्री) राज्य मंत्री और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)** आते हैं।

☞ राष्ट्रपति संसद द्वारा पारित विधेयक को अपने पास विचारार्थ **अनिश्चित समय** तक रख सकता है।

☞ **भारतीय विदेश सेवा** 'अखिल भारतीय सेवा' नहीं है।

☞ **राज्य सभा** की अध्यक्षता गैर-राज्य सभा सदस्य करता है।

☞ भारत में **लोक सभा, राज्य सभा** की अपेक्षा अधिक शक्तिशाली है।

☞ प्रधानमंत्री **जवाहरलाल नेहरू** ने 'समाजवाद' की विचारधारा को आगे बढ़ाया।

☞ पं. जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी एवं लाल बहादुर शास्त्री में से **महात्मा गांधी** प्रधानमंत्री नहीं बने हैं। वर्तमान में रेलवे मंत्री पियूष गोयल हैं।

☞ पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह **असम** से राज्यसभा के लिए निर्वाचित घोषित किए गए थे।

☞ भारत के पहले उपप्रधानमंत्री **सरदार वल्लभभाई पटेल** थे।

☞ एंग्लो इंडियन **समुदाय के 2 सदस्य** लोक सभा के लिए मनोनीत हो सकते हैं।

☞ केंद्र सरकार का बजट **लोक सभा में** प्रस्तुत किया जाता है।

☞ सदन के किसी भी सदस्य को बात करने से रोककर, किसी अन्य सदस्य को बोलने का अधिकार देने की शक्ति अध्यक्ष को है। इस परिघटना को **'शिष्टाचार' (Decorum)** कहते हैं।

☞ **लोक सभा, राज्य सभा तथा राज्यविधान सभा में से राज्य सभा को** भंग नहीं किया जा सकता है, विधान परिषद को भंग नहीं बल्कि समाप्त किया जा सकता है।

☞ वर्तमान लोक सभा **16वीं** लोक सभा है।

☞ संसद, मंत्रिपरिषद एवं वास्तविक कार्यकारिणी पर अनेक विधियों के माध्यम से नियंत्रण रखती है। **'स्थगन प्रस्ताव' इनके अंतर्गत नहीं आता है।**

☞ लोक सभा के सदस्यों का कार्यकाल **पांच** वर्षों के लिए होता है, जबकि राज्य सभा के सदस्यों का कार्यकाल **छः वर्ष** का होता है।

☞ विधायिका, कार्यपालिका, प्रसार माध्यम तथा न्यायपालिका में से **प्रसार माध्यम** सरकार का अंग नहीं है।

☞ केंद्रीय मंत्रियों का वेतन तथा भत्ता **संसद** द्वारा निर्धारित किया जाता है।

☞ भारत की संविधान सभा ने सभी निर्णय **आम सहमति से** लिए।

☞ राज्य सभा के **12** सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किए जा सकते हैं।

☞ प्रथम बार, भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति **गवर्नर जनरल** द्वारा की गई।

☞ राज्य सभा के पहले सभापति **डॉ.एस. राधाकृष्णन** थे।

☞ संसद द्वारा पारित कोई विधेयक जब राष्ट्रपति के पास उनकी सम्मति के लिए भेजा जाता है, **तो वे इसमें सुधार नहीं कर सकते हैं।**

☞ भारतीय प्रधानमंत्री **चौधरी चरण सिंह** ने लोक सभा में अविश्वास मत का सामना करने से पहले पदत्याग किया था।

☞ **राज्य सभा को** बुजुर्गों की सभा (House of Elders) भी कहा जाता है।

☞ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों की अनुपस्थिति में **लोक सभा का सबसे वरिष्ठ सदस्य** लोक सभा की अध्यक्षता करता है।

☞ भारत के संविधान में **संसद द्वारा** संशोधन किए जा सकते हैं।

☞ बिहार, लोक सभा की **40** सीटों का प्रतिनिधित्व करता है।

☞ लोक सभा की प्रत्येक बैठक के प्रथम घंटा को **प्रश्न काल** कहा जाता है।

☞ **राज्य सभा के अध्यक्ष की** नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा नहीं की जा सकती है, क्योंकि उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है।

☞ लोक सभा के सदस्यों **का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा किया जाता है।**

☞ ऐसे व्यक्ति को जो संसद का सदस्य नहीं है, **मंत्री पद** पर नियुक्त किया जा सकता है, परंतु उस व्यक्ति को छः महीने के अंदर संसद का सदस्य बनना होगा।

☞ भारत की भूतपूर्व प्रधानमंत्री, **श्रीमती इंदिरा गांधी** मोतीलाल नेहरू की पोती थीं।

☞ भारत में 25 अक्टूबर, 1951 और 21 फरवरी, 1952 के बीच **प्रथम आम चुनाव** हुआ।

☞ भारतीय राजनीति में, कार्यपालिका **विधायिका** के प्रति उत्तरदायी है।

☞ सरकार के संसदीय स्वरूप में **संसद** को वास्तविक शक्तियां प्राप्त होती हैं।

☞ लोक सभा में अधिकतम **552** (550 निर्वाचित एवं 2 मनोनीत परंतु वर्तमान में लोक सभा में कुल 545 सदस्य हैं, जिनमें से 543 निर्वाचित एवं 2 मनोनीत सदस्य हैं) सदस्य हो सकते हैं।

☞ संसद में सामान्यतः आम बजट **28 फरवरी** को पेश किया जाता था, किंतु वर्तमान में इसे 1 फरवरी को पेश किया जाता है।

☞ राज्य सभा की अधिकतम सदस्य संख्या **250** है।

☞ राज्य सभा में नेता विरोधी दल **गुलाम नबी आजाद** हैं।

☞ **'शून्य काल' (जीरो ऑवर)** सुबह और दोपहर के सत्रों के बीच का अंतराल है।

☞ राज्य सभा में वर्तमान में 'शून्य काल' बैठक का प्रथम घंटा होता है। (वर्ष 2014 में संशोधित)।

☞ अध्यक्ष (स्पीकर) सदन में **सिर्फ मतों की संख्या बराबर होने पर** अपने मत के अधिकार का प्रयोग कर सकता है।

☞ श्रीमती इंदिरा गांधी जब भारत की प्रधानमंत्री बनीं, तो भारत के राष्ट्रपति **डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन** थे।

☞ भारतीय संसद ने हाल ही में **PFRDA** बिल पारित किया। **PFRDA** का अर्थ **Pension Fund Regulatory and Development Authority** है।

☞ लोक सभा एवं राज्य सभा में महिलाओं के लिए **कोई आरक्षण नहीं** है।

☞ भारतीय संविधान के **अनुच्छेद-80** में राज्य सभा की रचना से संबंधित विवरण उपलब्ध हैं।

☞ राज्य सभा के वर्तमान सभापति **वैंकैया नायडू** हैं।

☞ संसदीय सरकार की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता **विधानमंडल के प्रति कार्यपालकों की जवाबदेही** है।

☞ भारत में मंत्रिपरिषद तब तक अस्तित्व में रहती है, जब तक उसके पास **लोक सभा के सदस्यों के बहुमत** का समर्थन हो।

☞ यदि लोक सभा का अध्यक्ष अपने कार्यकाल से पहले अपना पद त्यागना चाहता है, तो वह अपना त्याग-पत्र **लोक सभा के उपाध्यक्ष** को भेजता है।

☞ भारतीय संविधान का **अनुच्छेद-253** संसद को, अंतरराष्ट्रीय समझौते को लागू करने हेतु कानून बनाने का अधिकार देता है।

☞ मंत्रिपरिषद में **मंत्रिमंडल सचिव** शामिल नहीं होता है।

☞ लोक सभा को **जनता के सदन** नाम से भी जाना जाता है।

## ❑ भारतीय न्यायपालिका

☞ राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग सरकार द्वारा प्रस्तावित एक संस्था है, जिसे जजों की नियुक्ति के कॉलेजियम सिस्टम की जगह लेने के लिए UPA सरकार द्वारा वर्ष 2014 में बनाया गया था।

☞ पुडुचेरी संघ क्षेत्र की न्यायपालिका **मद्रास (चेन्नई) उच्च न्यायालय** के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन है।

☞ भारत के 42वें मुख्य न्यायमूर्ति **एच.एल. दत्तु** थे।

☞ वर्तमान में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश **रंजन गोगेई** हैं।

☞ वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में एक मुख्य तथा 30 अन्य न्यायाधीश हैं।

☞ लोक अदालतों के अधिवेशनों की अध्यक्षता **जिला न्यायाधीश** करता है।

☞ नेशनल जुडिशियल अपॉइंटमेंट कमीशन में कुल 6 सदस्य होते हैं, इसके मुखिया **भारत के मुख्य न्यायाधीश** होते हैं तथा **कानून मंत्री, सुप्रीम कोर्ट के दो वरिष्ठ न्यायाधीश तथा दो प्रतिष्ठित नागरिक सदस्य** होते हैं।

☞ **राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश** भारतीय राज्य के राज्यपाल को शपथ दिलाता है।

☞ भारत के सर्वोच्च न्यायालय को **5 प्रकार** की रिट (Writs) जारी करने का अधिकार है।

☞ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश **राष्ट्रपति** के द्वारा नियुक्त होते हैं।

☞ **नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक** सार्वजनिक धन (Public Purse) का अभिभावक होता है।

☞ पटना उच्च न्यायालय की स्थापना **वर्ष 1916** में हुई थी।

☞ गुजरात उच्च न्यायालय **अहमदाबाद** में स्थित है।

☞ सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने के लिए न्यूनतम योग्यता **5 वर्ष के लिए एक या दो या दो से अधिक उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश बने रहना** है या सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने के लिए न्यूनतम योग्यता **उच्च न्यायालय में 10 वर्षों की वकालत** है।

☞ भारत में न्यायिक समीक्षा की शक्ति **सर्वोच्च न्यायालय** को प्राप्त है।

☞ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष है।

☞ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को **साबित कदाचार एवं असमर्थता** के आधार पर हटाया जा सकता है।

☞ राज्य/संघ शासित प्रदेश का साझा उच्च न्यायालय **पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़** का साझा उच्च न्यायालय है।

☞ उच्चतम न्यायालय के न्यायिक पुनरावलोकन कार्य का अभिप्राय है- **स्वयं के फैसलों पर पुनर्विचार की शक्ति**।

☞ **सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश का पद** राज्य सभा के उपसभापति, लोक सभा के अध्यक्ष, और वायु सेना प्रमुख की श्रेणी में सर्वोच्च है।

☞ मद्रास उच्च न्यायालय की न्यायपीठ **मदुरै** में कार्य कर रही है।

☞ सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का मासिक वेतन **2,80,000** तथा अन्य न्यायाधीशों का मासिक वेतन **2,50,000** रु. कर दिया गया है।

☞ वर्तमान में भारत के महान्यायवादी **के.के. वेणुगोपाल** हैं।

☞ जनहित याचिका **उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय** में दायर की जा सकती है।

☞ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति **राष्ट्रपति** के द्वारा की जाती है।

☞ सर्वोच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश **फातिमा बीबी** थीं।

☞ उच्च न्यायालय के कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के बाद निजी तौर पर वकालत का व्यवसाय **समान स्तर या उच्च स्तरीय अन्य किसी न्यायालय** में कर सकते हैं।

☞ सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष है।

☞ **<u>मध्य प्रदेश</u>** उच्च न्यायालय की स्थापना वर्ष 1956 में हुई थी। यह जबलपुर में स्थित है, जबकि इसकी दो खंडपीठें ग्वालियर व इंदौर में स्थित हैं।

☞ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की पीठ (Seat) **<u>बिलासपुर</u>** में स्थित है।

☞ उत्तर प्रदेश के उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ प्रयागराज में स्थित है, जबकि इसकी खंडपीठ लखनऊ में स्थित है।

☞ एकमात्र केंद्रशासित प्रदेश, **<u>दिल्ली है</u>** जहां उच्च न्यायालय है।

☞ भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्रीय शिक्षा संस्थानों में अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को आरक्षण प्रदान करने के सरकारी निर्णय को समर्थन दिया है। उन्हें **<u>27% आरक्षण</u>** दिया जाएगा।

☞ दो या अधिक राज्यों और/या केंद्रशासित प्रदेशों के लिए एक उच्च न्यायालय की स्थापना **<u>विधि के तहत संसद</u>** के द्वारा की जा सकती है।

☞ भारत का सर्वोच्च न्यायालय किसी व्यक्ति को लोक पद, जिसके लिए वह पात्र नहीं है, धारण करने से रोकने के लिए **<u>अधिकार-पृच्छा</u>** (Quo Warranto) याचिका जारी कर सकता है।

☞ भारत के उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश बनने वाली प्रथम महिला **<u>लीला सेठ</u>** थीं।

☞ **<u>कोलकाता</u>** उच्च न्यायालय का अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर प्रादेशिक क्षेत्राधिकार है।

☞ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 80 के अंतर्गत चुनाव विवाद पर फैसला देने का अधिकार **<u>उच्च न्यायालय</u>** के पास है।

☞ भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यकाल **6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु** में जो पहले हो तक होता है।

☞ नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति **राष्ट्रपति** करते हैं।

☞ नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक **सार्वजनिक धन का संरक्षक** होता है।

☞ भारत के महान्यायवादी की नियुक्ति **राष्ट्रपति** करता है।

☞ महान्यायवादी भारत सरकार का **प्रथम विधि अधिकारी** होता है।

☞ महान्यायवादी को भारत के राज्य क्षेत्र के **सभी न्यायालयों में** सुनवाई का अधिकार प्राप्त है।

☞ महान्यायवादी संसद की कार्यवाही में भाग ले सकता है तथा बोल सकता है, परंतु **मत नहीं** दे सकता है।

## ❑ राज्य, राज्यपाल एवं विधानमंडल

☞ **राष्ट्रपति** राज्यों के राज्यपालों की नियुक्ति करते हैं।

☞ राज्यपाल **राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत** पद धारण करते हैं।

☞ राज्यपाल को उच्च न्यायालय के **मुख्य न्यायाधीश अथवा वरिष्ठ न्यायाधीश** पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करवाते हैं।

☞ राज्यपाल का मासिक वेतन **3.5 लाख** रु. है।

☞ **सरोजिनी नायडू** स्वतंत्र भारत की पहली महिला राज्यपाल थीं।

☞ सरोजिनी नायडू स्वतंत्रता के बाद पहली बार **उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल बनीं।

☞ राज्य के मंत्रियों की मंत्रिपरिषद का प्रमुख **<u>मुख्यमंत्री</u>** होता है।

☞ **<u>राज्य के मुख्यमंत्री</u>** की नियुक्ति भारत के राज्यपाल द्वारा की जाती है।

☞ राज्य विधानसभा का सदस्य बने बिना कोई व्यक्ति **<u>अधिकतम छः मास की अवधि</u>** के लिए राज्य मंत्रिपरिषद का सदस्य बन सकता है।

☞ भारत के राष्ट्रपति के अतिरिक्त **<u>राज्यों के राज्यपालों</u>** के पास क्षमा करने की शक्ति (Pardoning Power) है।

☞ **<u>चंडीगढ़</u>** शहर दो राज्यों (पंजाब एवं हरियाणा) की राजधानी है।

☞ राज्य विधानसभा का सामान्य कार्यकाल **<u>5 वर्ष</u>** है।

☞ दादरा और नगर हवेली की राजधानी **<u>सिलवासा</u>** है।

☞ राज्य की प्रशासनिक शक्तियां **<u>राज्यपाल</u>** के पास होती हैं।

☞ भारत में राज्य विधानमंडल का ऊपरी सदन **<u>विधान परिषद</u>** को कहा जाता है।

☞ यदि किसी संसद सदस्य को किसी राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया जाता है, तो **<u>जिस तारीख से वे राज्यपाल के रूप में पद ग्रहण</u>** करते हैं, तब से सदन में उनकी सीट रिक्त मानी जाएगी।

☞ राज्यपाल द्वारा जारी अध्यादेशों पर **<u>राज्य विधानसभा</u>** का अनुमोदन होता है।

☞ केंद्र शासित प्रदेशों का प्रशासन **<u>राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल</u>** (प्रशासक) के द्वारा किया जाता है। [239 (1)]

☞ राज्यपाल की मृत्यु हो जाने अथवा त्याग-पत्र देने पर नए राज्यपाल की नियुक्ति तक **<u>उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश</u>** राज्यपाल के कार्यों का निष्पादन करते हैं।

☞ गुजरात में कुल जिलों की संख्या **<u>33</u>** है।

☞ कल्याण सिंह **<u>राजस्थान</u>** राज्य के राज्यपाल हैं।

☞ हरियाणा राज्य के अंतर्गत विधानसभा के **<u>90</u>** सीटें हैं।

☞ राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्यों की नियुक्ति **<u>राज्यपाल</u>** करता है।

☞ **<u>वर्ष 1995</u>** में बंबई को 'मुंबई' नाम दिया गया।

☞ वर्तमान में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं।

☞ किसी राज्य का राज्यपाल बनने के लिए न्यूनतम आयु **<u>35 वर्ष</u>** है।

☞ मिजोरम को **<u>20 फरवरी, 1987</u>** को औपचारिक रूप से राज्य का दर्जा दिया गया।

☞ अनुच्छेद 371-A **<u>नगालैंड</u>** राज्य के संबंध में विशेष प्रावधान प्रदान करता है।

☞ राज्य में संवैधानिक मशीनरी के बिगड़ जाने की घोषणा पर राज्यपाल राष्ट्रपति को राष्ट्रपति शासन लागू करने की अनुशंसा कर सकता है।

☞ लक्षद्वीप, चंडीगढ़, मणिपुर तथा दमन एवं दीव में से **<u>मणिपुर</u>** संघ शासित प्रदेश नहीं है।

☞ संघ शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी **<u>पोर्ट ब्लेयर</u>** है।

☞ बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्षा **मायावती** हैं।
☞ वर्तमान में बिहार के राज्यपाल **लाल जी टंडन** हैं।
☞ तमिलनाडु के भूतपूर्व मुख्यमंत्री **एम.जी. रामचंद्रन** को 1988 में मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
☞ भारत में सबसे लंबी अवधि तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री **पवन कुमार चामलिंग** हैं।
☞ वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री **योगी आदित्यनाथ** (19 मार्च, 2017 से) हैं।
☞ वर्तमान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री **देवेन्द्र फड़नवीस** (31 अक्टूबर, 2014 से) हैं।
☞ महाराष्ट्र के प्रथम मुख्यमंत्री **यशवंत राव चह्वाण** थे।
☞ झारखंड राज्य का स्थापना दिवस **15 नवंबर** है।
☞ **मध्य प्रदेश** से लोक सभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए सबसे अधिक सीटें आरक्षित हैं।
☞ असम विधानसभा में कुल सदस्यों की संख्या **126** है।
☞ भारत के **उत्तर प्रदेश** में विधानसभा के सदस्यों की संख्या सर्वाधिक है।
☞ विधान परिषद का सदस्य बनने के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु **30 वर्ष** है।
☞ पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री **अमरिन्दर सिंह** 16 मार्च, 2017 से) हैं।
☞ बिहार विधानसभा की सदस्य संख्या **243** है।
☞ वर्तमान में प. बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार है।
☞ भारतीय राज्यों में जनगणना करते समय **राज्यपाल** का नाम सर्वप्रथम आएगा।
☞ भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 350-A** में यह प्रावधान है कि राज्य सरकार प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर मातृभाषा में ही अध्ययन करने की सुविधा देने की व्यवस्था करने का प्रयास करे।
☞ राज्य की आकस्मिक निधि का संचालन **राज्यपाल** के द्वारा किया जाता है।
☞ महाराष्ट्र राज्य की स्थापना **1 मई, 1960 को हुई थी।**
☞ महाराष्ट्र में **36** जिले हैं।
☞ भारतीय राज्यों में किसी मनी बिल (Money Bill) को मनी बिल का दर्जा **विधानसभा का अध्यक्ष** देता है।
☞ भारत में सबसे लंबे समय तक कार्यरत महिला मुख्यमंत्री **शीला दीक्षित** थीं।
☞ सरकार के संसदीय रूप की सबसे अनिवार्य विशेषता **विधान मंडल के प्रति कार्यपालकों की जवाबदेही** है।
☞ जम्मू व कश्मीर की राजधानी **श्रीनगर** (ग्रीष्मकालीन) एवं जम्मू (शीतकालीन) है।
☞ उत्तराखंड के विधानसभा में एक सदस्य **आंग्ल भारतीय** मनोनीत किया जाता है।
☞ भारत में किसी राज्य के लिए वित्त आयोग का गठन उस **राज्य का राज्यपाल** करता है [अनु.243 (झ)]।
☞ राज्य महाधिवक्ता की नियुक्ति **राज्यपाल** करता है।
☞ **महाधिवक्ता** राज्यपाल के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।
☞ महाधिवक्ता राज्य का **प्रथम विधिक अधिकारी** होता है।
☞ राज्य विधानसभा के सदस्यों का कार्यकाल **पांच वर्ष** होता है।
☞ विशेष परिस्थितियों (बहुमत न होने की स्थिति) में **राज्यपाल** इससे पहले भी विधानसभा को भंग कर सकता है।
☞ विधानसभा में निर्वाचित होने के लिए न्यूनतम आयु सीमा **25 वर्ष** है।
☞ विधानसभा का सत्रावसान **राज्यपाल** के आदेश द्वारा किया जाता है।
☞ भारत के **सात राज्यों** में विधान परिषद हैं।
☞ उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, बिहार तथा तेलंगाना में **विधान परिषद** हैं।
☞ राज्यों की विधान सभाओं द्वारा मांग करने पर भारत की **संसद** किसी राज्य में विधान परिषद का गठन अथवा भंग करती है।

## ❑ निर्वाचन

☞ चुनाव आयोग **गृह मंत्रालय, कानून मंत्रालय और प्रधानमंत्री के सचिवालय** के अधीन काम नहीं करता है।
☞ चुनाव आयोग एक **स्थायी संवैधानिक संस्था** है।
☞ भारत में राजनीतिक पार्टियों को **निर्वाचन आयोग** द्वारा मान्यता दी जाती है।
☞ निर्वाचन आयुक्त की सेवा-शर्तों तथा कार्यकाल में परिवर्तन भारत की **संसद** कर सकती है।
☞ राज्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति **राज्यपाल** द्वारा की जाती है।
☞ केंद्रीय स्तर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अलावा **दो** और निर्वाचन आयुक्त होते हैं।

**वर्तमान में मान्यता-प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल**

| दल | चुनाव चिह्न |
|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी | कमल |
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | पंजा |
| भारतीय साम्यवादी दल | हंसिया और बाली |
| राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी | घड़ी |
| बहुजन समाज पार्टी | हाथी (असम को छोड़कर) |
| मार्क्सवादी साम्यवादी दल | हसिया, हथौड़ा एवं तारा |
| अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस | दो फूल |

☞ चुनाव आयोग ने समाजवादी पार्टी को **राज्य स्तरीय पार्टी के रूप में** मान्यता दी है।
☞ चुनाव का **अधीक्षण, निर्देशन और संचालन तथा निर्वाचक सूची की तैयारी करना चुनाव आयोग के कार्यों में शामिल है।**
☞ मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से **संसद के दोनों सदनों के द्वारा कुल सदस्य संख्या के बहुमत एवं उपस्थित मतदान करने वालों के 2/3 बहुमत के द्वारा साबित कदाचार के आधार पर हटाया जा सकता है।**

☞ भारत में मतदाता की सूची को अद्यतन करने की जिम्मेदारी **चुनाव आयोग** की है।

☞ लोक सभा के सदस्य का निर्वाचन **गुप्त मत** द्वारा किया जाता है।

☞ गांव के सभी **वयस्क नागरिक (18 वर्ष से ऊपर)** ग्राम सभा के सदस्य होते हैं।

☞ भारत में राष्ट्रीय चुनावों में मतदान का अधिकार **सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार** सिद्धांत पर आधारित है।

☞ **E.V.M.** का पूरा नाम Electronic Voting Machine है।

☞ **सुकुमार सेन** भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त थे।

☞ वर्तमान में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त **सुनील अरोड़ा** हैं।

☞ निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल **6 वर्ष अथवा 65 वर्ष** की आयु में जो पहले हो तक होता है।

## ❑ आपातकाल एवं राष्ट्रपति शासन

☞ संविधान में अनुच्छेद **352 राष्ट्रीय आपातकाल, अनुच्छेद 356 राज्यों में राष्ट्रपति शासन** तथा **अनुच्छेद 360 वित्तीय आपातकाल** का प्रावधान है।

☞ राष्ट्रपति अनुच्छेद 352 के तहत युद्ध, वाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के समय **मंत्रिमंडल के परामर्श** पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करते हैं।

☞ राष्ट्रपति अनुच्छेद 356 के तहत **राज्यों में संवैधानिक तंत्र विफल** होने पर राष्ट्रपति शासन लागू करते हैं।

☞ राष्ट्रपति अनुच्छेद 360 के तहत **वित्तीय अस्थिरता** के समय मंत्रिमंडल के परामर्श पर वित्तीय आपातकाल की घोषणा करते हैं।

☞ भारत में **वित्तीय आपातकाल कभी लागू** नहीं हुआ है।

## ❑ संविधान संशोधन

☞ भारतीय संविधान के **91वें संशोधन** द्वारा मंत्रियों की संख्या को नियंत्रित किया गया है।

☞ संविधान के 42वें संशोधन द्वारा **शिक्षा** को राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित किया गया।

☞ भारत के संविधान में मौलिक कर्तव्यों को 42वें संविधान संशोधन द्वारा वर्ष **1976 में** सम्मिलित किया गया।

☞ संवैधानिक (73वां संशोधन) अधिनियम, 1992 **20 लाख** से अधिक जनसंख्या वाले सभी राज्यों हेतु पंचायती राज की तीन-स्तरीय प्रणाली हेतु प्रावधान करता है।

☞ 92वें संविधान संशोधन (2003) के द्वारा **8वीं अनुसूची** में बोडो, डोगरी, मैथिली तथा संथाली भाषा को शामिल किया गया है।

## ❑ अनुसूचियां

☞ भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची में **दल-बदल विरोधी कानून** समाविष्ट है।

☞ **संचार** राज्य सूची का विषय न होकर केंद्र सूची का विषय है। सिंचाई, कानून-व्यवस्था व कृषि **राज्य सूची** के विषय हैं।

☞ संविधान की **ग्यारहवीं** अनुसूची में पंचायती राज की शक्ति, प्राधिकार एवं जिम्मेदारियों का उल्लेख है।

☞ **खदानों और तेल क्षेत्रों में श्रम और सुरक्षा** के नियम सातवीं अनुसूची में संघ सूची के अंतर्गत आते हैं।

☞ नागरिकता, बैंकिंग तथा डाक और तार संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत संघ (केंद्रीय) सूची के विषय हैं, जबकि **जंगल** (वन) समवर्ती सूची में शामिल है।

☞ भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची का संबंध **भाषाओं के साथ** है।

☞ **अनुच्छेद 248** के अधीन अवशिष्ट शक्तियां संघ के पास हैं।

☞ ईटानगर, गुवाहाटी, अगरतला तथा गंगटोक में से **गुवाहाटी** किसी राज्य की राजधानी नहीं है।

☞ बोडो, डोगरी, संथाली तथा अंग्रेजी में से संविधान की 8वीं अनुसूची में **अंग्रेजी** भाषा सूचीबद्ध नहीं है।

☞ **जन स्वास्थ्य** राज्य सूची का विषय है। यह संघ सूची (केंद्रीय सूची) में शामिल नहीं है।

☞ सरकारी क्रिया-कलापों को चलाने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा करों एवं अन्य प्रकार की प्राप्तियों से जुटाया गया सभी राजस्व **भारत की संचित निधि में** जमा किया जाता है।

## ❑ समिति/आयोग

☞ **चेल्लैया समिति** ने वित्तीय क्षेत्रों में सुधार हेतु जांच की तथा अपना सुझाव दिया था।

☞ **प्रधानमंत्री** 'राष्ट्रीय एकता परिषद' (National Integration Council) का अध्यक्ष होता है।

☞ **प्राक्कलन समिति** में लोक सभा के 30 सदस्य होते हैं। इसमें राज्य सभा के सदस्य शामिल नहीं होते हैं।

☞ अखिल भारतीय सेवाओं का सृजन **संसद** द्वारा किया जाता है।

☞ वर्तमान में (2016 से) भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एच.एल. दत्तू हैं।

☞ वर्तमान में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा हैं।

☞ **ग्राम सहकारी समिति** पंचायती राज संगठन का घटक नहीं है।

☞ भारतीय संविधान का अनुच्छेद 340 **पिछड़े वर्ग के आयोग से** संबंधित है।

☞ राष्ट्रीय सलाहकार परिषद **एक संविधानेत्तर प्राधिकरण** है।

☞ **भारतीय चुनाव आयोग** एक संवैधानिक निकाय है।

☞ सच्चर समिति का संबंध **भारतीय मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति से तथा उनके साथ धार्मिक, भाषायी और सांस्कृतिक आधार पर भेद-भाव को दूर किए जाने से** है।

☞ संघ लोक सेवा आयोग एक **संवैधानिक निकाय** है।

☞ लोक-लेखा समिति (PAC) के चेयरमैन को **लोक सभा अध्यक्ष** नियुक्त करता है।

☞ भारत में पंचवर्षीय योजना की अवधारणा **जवाहरलाल नेहरू** ने आरंभ की थी।

☞ **बलवंत राय मेहता समिति** ने वर्ष 1957 में ग्रामीण स्थानीय प्रशासन (पंचायत राज) को त्रिस्तरीय करने का सुझाव दिया था।

☞ **अशोक मेहता समिति** ने वर्ष 1978 में ग्रामीण स्थानीय प्रशासन को दो स्तरीय करने का सुझाव दिया था।

☞ **सरकारिया समिति** केंद्र और राज्यों के मध्य विवादों को सुलझाने के लिए स्थापित की गई थी।

**भारत के राष्ट्रीय चिह्न**

**राष्ट्रीय प्रतीक :** सारनाथ स्थित अशोक का सिंह स्तम्भ, भारत सरकार ने इसे 26 जनवरी, 1950 ई. को अपनाया। प्रतीक के नीचे **मुंडकोपनिषद्** में लिखा सूत्र '**सत्यमेव जयते**' देवनागरी लिपि में अंकित है।

**राष्ट्रीय ध्वज :** तीन पट्टियों वाला तिरंगा, ऊपर गहरा केसरिया, बीच में सफेद और सबसे नीचे गहरा हरा रंग है। सफेद पट्टी के बीच में नीले रंग का चक्र है, जिसमें 24 तीलियां हैं, जिसे सारनाथ में अशोक के सिंह स्तम्भ पर बने चक्र से लिया गया है। ध्वज की लम्बाई एवं चौड़ाई का अनुपात 3: 2 है। ध्वज का प्रारूप 22 जुलाई, 1947 ई. को अपनाया गया। राष्ट्रीय ध्वज का केसरिया रंग त्याग, निःस्वार्थ भावना का, सफेद रंग सत्य के पथ पर चलने और अच्छे आचरण का एवं हरा रंग मिट्टी और वनस्पतियों के साथ हमारे संबंध का प्रतीक है।

चक्र प्रगति का, धर्म के राज का प्रतीक है।

राष्ट्रीय झंडे के रंगों और उसके मध्य में चक्र के महत्व का यथेष्ट वर्णन **डॉ. राधाकृष्णन** द्वारा संविधान सभा में किया गया था।

भारतीय ध्वज संहिता 2002 के अनुसार सभी भारतीय नागरिकों एवं निजी संस्थाओं आदि को भी नियमों को पालन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शन का अधिकार है।

**राष्ट्र गान :** रबीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा रचित 'जन-गण-मन' को संविधान सभा ने 24 जनवरी, 1950 ई. को भारत का 'राष्ट्र गान' स्वीकार किया इसके गायन का समय 52 सेकण्ड है तथा संक्षिप्त गायन की अवधि 20 सेकण्ड है, जिसमें इसकी प्रथम और अंतिम पंक्तियां गायी जाती हैं।

**राष्ट्र गीत :** बंकिमचन्द्र चटर्जी के उपन्यास 'आनन्दमठ' में उन्हीं के द्वारा रचित 'वन्दे मातरम्' को राष्ट्र गीत के रूप में 24 जनवरी, 1950 ई. को स्वीकार किया गया।

**राष्ट्रीय कैलेन्डर :** ग्रिगेरियन कैलेन्डर के साथ एक संवत् पर आधारित राष्ट्रीय पंचांग को सरकारी प्रयोग के लिए 22 मार्च, 1957 ई. को अपनाया गया।

**राष्ट्रीय पुष्प :** कमल (नेलम्बों न्यूसिफेरा गार्टन)

**राष्ट्रीय पक्षी :** मयूर (पावो क्रिस्टेटस)।

**राष्ट्रीय पशु :** बाघ (पैंथरा टाइग्रिस लिन्नायस)

**राष्ट्रीय फल :** आम (मैंगीफेरा इंडिका)

**राष्ट्रीय वृक्ष :** बरगद (फाइकस बेंघालेंसिस)

**राष्ट्रीय जलीय जीव :** डॉल्फिन

**राष्ट्रीय नदी :** गंगा

## ❑ संयुक्त राष्ट्र संघ

☞ सिक्योरिटी काउंसिल (सुरक्षा परिषद) के गैर- स्थायी सदस्य **दो वर्ष** की अवधि के लिए निर्वाचित होते हैं।

☞ संयुक्त राष्ट्र का 193वां सदस्य **दक्षिणी सूडान** है।

☞ **चीन, फ्रांस, रूस, युनाइटेड किंगडम** और **संयुक्त राज्य अमेरिका**, संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के स्थायी 5 सदस्य हैं।

☞ संयुक्त राष्ट्र संगठन **द्वितीय विश्व युद्ध** का परिणाम था।

☞ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में **पांचों स्थायी सदस्यों** ने अपने वीटो पॉवर का प्रयोग किया है।

☞ यू.एन.ओ. (UNO) के संविधान को **चार्टर** कहते हैं।

☞ नाटो (NATO) की वर्तमान सदस्य संख्या **29** है।

☞ संयुक्त राष्ट्र महासभा की जनरल असेम्बली के अध्यक्ष की पदावधि **एक वर्ष** होती है।

☞ संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव **एंटोनिओ गुटेरेस** हैं।

☞ यूनेस्को का मुख्यालय **पेरिस (फ्रांस)** में है।

☞ संयुक्त राष्ट्र दिवस **24** अक्टूबर को मनाया जाता है।

☞ संयुक्त राष्ट्र संघ (U.N.O.) का मुख्यालय **न्यूयॉर्क** में स्थित है।

☞ **भारत, ब्राजील, जर्मनी, जापान वे देश हैं** जो संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता पाने के लिए, एक समूह बनाकर, एक-दूसरे का सहयोग करते हैं।

☞ **स्पेन** यू.एन. सिक्योरिटी काउंसिल का स्थायी सदस्य नहीं है।

☞ **UNESCO (यूनेस्को)**, यूनाइटेड नेशंस (संयुक्त राष्ट्र संघ) का एक सांस्कृतिक संगठन है।

☞ **जापान** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं है।

☞ भारत **30 अक्टूबर, 1945** को **UNO** का सदस्य बना।

## ❑ विविध

☞ हमारे संविधान में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व (Liberty, Equality & Fraternity) के सिद्धांत को **फ्रांस के संविधान** से लिया गया है।

☞ मानवीय अधिकारों की प्रतिष्ठा के लिए महात्मा गांधी के पथ का अनुसरण करने वाले अफ्रीकी नेता **नेल्सन मंडेला** हैं।

☞ लोकतंत्र की सफलता के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण **जागरूक जनता** है।

☞ **यू.एस.ए.** की सरकार राष्ट्रपतित्व-स्वरूप की है।

☞ **केंद्रीय सचिवालय** में अधिकारियों के पदक्रम का सही अनुक्रम सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, निदेशक, उप सचिव तथा अवर सचिव है।

☞ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 को सामान्यतः **COPRA** (Consumer Protection Act, 1986) के नाम से जाना जाता है।

☞ नेपाल में सांविधानिक राजतंत्र की स्थापना **वर्ष 2007** में की गई थी।

☞ अंतरराष्ट्रीय सैन्य न्यायाधिकरण (International Military Tribunal) **न्यूरेम्बर्ग** में प्रतिष्ठापित किया गया है।

☞ नेपाल की संसद को **राष्ट्रीय पंचायत** कहा जाता है।

☞ देश की स्वतंत्रता में योगदान देने के लिए बांग्लादेश सरकार ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री **इंदिरा गांधी** को मरणोपरांत सम्मानित किया।

☞ भारत और चीन के बीच **29 अप्रैल, 1954** को पंचशील सिद्धांत पर हस्ताक्षर करके, पंचशील को अपने संबंधों के आधार के रूप में स्वीकार किया गया।

☞ **वर्ष 1998** में अमर्त्य सेन ने अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार जीता।

☞ भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका '**दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन' (SAARC)** के सदस्य देश हैं।

☞ **सामाजिक पृथक्करण** घरेलू हिंसा का रूप नहीं है।

☞ वर्ष 1951 में स्वतंत्रता के बाद में **प्रथम आधिकारिक जनगणना** हुई।

☞ 26-27 मई, 2017 को संपन्न 43वां G-7 शीर्ष सम्मेलन **ताओरमिना, सिसली, इटली** में हुआ था।

☞ 23 जून, 2014 को **दोहा, (कतर)** में संपन्न विश्व विरासत कमेटी द्वारा विश्व विरासत सूची में ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क, कुल्लू, हिमाचल प्रदेश को शामिल किया गया।

☞ 4-9 दिसंबर, 2017 को जेजू, (दक्षिण कोरिया) में यूनेस्को द्वारा 'कुंभ मेला' को अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया गया।

☞ नाबार्ड की स्थापना **शिवरमन समिति** की सिफारिश पर हुई थी।

☞ भारत में महिलाओं के विवाह की न्यूनतम आयु कानून द्वारा **18 वर्ष** निर्धारित की गई है।

☞ ASEAN का मुख्यालय **जकार्ता** (इंडोनेशिया) में स्थित है।

☞ एयर फोर्स वन जहाज में **अमेरिका के राष्ट्रपति** यात्रा करते हैं।

☞ 'बंद' का जुलूस एवं संचालन को भारत में पहली बार **केरल उच्च न्यायालय** ने अवैध ठहराया।

☞ **इस्राइल** का संबंध ब्रिक्स (BRICS) से नहीं है।

☞ सूचना का अधिकार अधिनियम **वर्ष 2005** में अस्तित्व में आया।

☞ मालदीव गणराज्य **हिंद महासागर** में स्थित है।

☞ विश्व व्यापार संगठन (WTO) का मुख्यालय **जेनेवा** में स्थित है।

☞ **स्टाम्प ड्यूटी** कर संघ सरकार द्वारा लागू किए जाते हैं और राज्य सरकारों द्वारा इनकी उगाही की जाती है।

☞ FERA का विस्तारित रूप **फॉरेन एक्सचेंज रेगुलेशन एक्ट** (Foreign Exchange Regulation Act) है।

☞ 2 सितंबर, 1946 को गठित अंतरिम सरकार का प्रथम विचारण **कैबिनेट प्लान द्वारा** किया गया था।

☞ भारत आने वाले प्रथम अमेरिकी राष्ट्रपति **ड्वाइट डी. आइजनहावर** थे।

☞ वर्तमान में अमेरिकी विदेश मंत्री **माइकल आर. पोम्पियो** हैं।

☞ मई, 2017 से इमैनुएल मैक्रों फ्रांस के नए राष्ट्रपति बने हैं।

☞ 13 जुलाई, 2016 से **थेरेसा मे** ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री बनी हैं।

☞ वर्तमान में अमेरिका के राष्ट्रपति (2017 से) **डोनाल्ड ट्रम्प** हैं।

☞ प्रसिद्ध उद्धरण 'लोकतंत्र सरकार जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए शासन' **अब्राहम लिंकन** ने दिया था।

☞ बांग्लादेश की संसद का नाम **जातीय संसद** है।

☞ संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास स्थान का नाम **व्हाइट हाउस** है।

☞ 'यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका' के प्रथम राष्ट्रपति **जॉर्ज वॉशिंगटन** थे।

☞ लोकशाही सरकार की कल्पना का श्रेय **रूसो** को जाता है।

☞ चेक एंड बैलेंस (Check and Balance) का सिद्धांत **अमेरिकी संविधान का लक्षण है।**

☞ बलात्कार के अभियुक्त को **भारतीय दंड संहिता की धारा 376** के अंतर्गत अभियोजित किया जाता है।

☞ संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति का निर्वाचन **इलेक्टोरल कॉलेज** द्वारा किया जाता है।

☞ भारत और पाकिस्तान के बीच शिमला समझौता का लक्ष्य **विवादों का द्विपक्षीय वार्ता के जरिए हल करना** था।

☞ भारत और चीन के बीच अनुबंध, जिसके द्वारा दोनों ने पंचशील को अपने संबंधों के आधार के रूप में स्वीकार किया, को **1954** में हस्ताक्षरित किया गया।

☞ **अरस्तू** (Aristotle) ने कहा, मानव एक सामाजिक प्राणी है।

☞ यदि किसी राज्य को भारतीय संघ (Indian Union) का नया राज्य बनाना हो, तो संविधान की **प्रथम अनुसूची** में संशोधन किया जाता है।

☞ **क्रोएशिया** जुलाई, 2013 में यूरोपियन संघ से जुड़ने वाला 28वां राष्ट्र बन गया है।

☞ लोकपाल विधेयक से जुड़े प्रसिद्ध कार्यकर्ता **अन्ना हजारे** थे।

☞ फासीवाद का मुख्य समर्थक **मुसोलिनी** था।